# वार्षिक परीक्षा, 2024

**B**

## सामान्य हिन्दी

## कक्षा—11

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट ]** **[ पूर्णांक : 100**

निर्देश—(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों—'क' एवं 'ख' में विभाजित है, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड-'क'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्पों में से सही-विकल्प का चयन कीजिए—

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी लेखक हैं— 1

(i) भारतेन्दु युग (ii) शुक्ल युग (iii) द्विवेदी युग (iv) प्रेमचंद युग

(ख) 'कलम का सिपाही' जीवनी के लेखक हैं— 1

(i) शान्ति जोशी (ii) अमृतराय
(iii) रामविलास शर्मा (iv) श्रीनिवास दास

(ग) 'मधुआ' कहानी के लेखक हैं— 1

(i) प्रेमचंद (ii) जयशंकर प्रसाद
(iii) किशोरीलाल गोस्वामी (iv) यशपाल

(घ) भारतेन्दु से पूर्व के लेखक हैं— 1

(i) सदासुखलाल (ii) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(iii) श्यामसुन्दर दास (iv) रायकृष्ण दास

(ङ) 'राग दरबारी' किस विधा की रचना है? 1

(i) नाटक (ii) उपन्यास (iii) रेखाचित्र (iv) संस्मरण

2. निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्पों में से सही-विकल्प का चयन कीजिए—

(क) ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रतिनिधि प्रमुख कवि हैं— 1

(i) तुलसीदास (ii) सूरदास (iii) नन्ददास (iv) कबीरदास

(ख) कौन-सी रचना आदिकाल की नहीं है? 1

(i) सन्देश रासक (ii) पृथ्वीराज रासो
(iii) बीसलदेवरासो (iv) अखरावट/पद्मावत

(ग) 'कामायनी' व 'झरना' किस युग की रचनाएँ हैं? 1

(i) भारतेन्दु युग (ii) द्विवेदी युग (iii) छायावादी युग (iv) प्रगतिवादी युग

(घ) रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना नहीं है— 1

(i) रश्मिरथी (ii) चक्रवाल
(iii) परशुराम की प्रतीक्षा (iv) सुनहरे शैवाल

(ङ) 'मैथिलीशरण गुप्त' द्वारा रचित कृति है— 1

(i) प्रदक्षिणा (ii) कृष्णलीला (iii) रस-कलश (iv) प्रतिमा

3. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2 × 5 = 10

जब तक आत्मसाक्षात्कार न होगा, तब तक अपूर्णता की अनुभूति बनी रहेगी और आनन्द की खोज जारी रहेगी। इस खोज में सफलता, आनन्द की प्राप्ति, अपने परम ज्ञानमय स्वरूप में स्थिति यही मनुष्य का पुरुषार्थ, उसके जीवन का चरम लक्ष्य है और उसको इस पुरुषार्थ—साधन के योग्य बनाना ही शिक्षा का उद्देश्य है।

P.T.O.

(क) दिए गए गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) लेखक के अनुसार जीवन का चरम लक्ष्य क्या है?
(ग) गद्यांश के आधार पर शिक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।
(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या लिखिए।
(ङ) गद्यांश का भावार्थ लिखिए।

**अथवा**

मानव शरीर में पेट का स्थान नीचे है; हृदय का ऊपर और मस्तिष्क का सबसे ऊपर। पशुओं की तरह उसका पेट और मानस समानान्तर रेखा में नहीं हैं। जिस दिन वह सीधे तनकर खड़ा हुआ, मानस ने उसके पेट पर विजय की घोषणा की।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) मानव शरीर के तीन प्रमुख अंग कौन-से हैं?
(घ) मानव शरीर और पशुओं में किस दृष्टि से अन्तर बताया गया है?
(ङ) लेखक ने मानव की भूख का आशय क्या बताया है?

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात।
भरे भौन में करत हैं, नैननु ही सौं बात॥

(क) पद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) नायक-नायिका ने किसके संकेत से एक-दूसरे से मिलने के लिए कहा?
(घ) नायिका के मना करने की चेष्टा का नायक पर क्या प्रभाव पड़ा?
(ङ) घर में अन्य लोगों की उपस्थित का ध्यान आने पर क्या हुआ?

**अथवा**

अजौं तर्‌यौना ही रह्यौ, श्रुति सेवत इक रंग।
नाक बास बेसरि लह्यौ, बसि मुकतनु कैं संग॥

(क) उपर्युक्त पद्यावतरण का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
(ग) उपर्युक्त दोहे के माध्यम से कवि ने किस तथ्य को प्रतिपादित किया है?
(घ) उपर्युक्त पद्यावतरण का भावार्थ लिखिए।
(ङ) पद्य में कौन-सा अलंकार है? स्पष्टीकरण के साथ उत्तर दीजिए।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए—(शब्द सीमा 80 शब्द) 3 + 2 = 5
(i) रामवृक्ष बेनीपुरी (ii) राहुल सांकृत्यायन (iii) डॉ. सम्पूर्णानन्द
(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए—(शब्द सीमा 80 शब्द) 3 + 2 = 5
(i) तुलसीदास (ii) महाकवि भूषण (iii) बिहारीलाल

6. 'आकाशदीप' कहानी के वातावरण पर प्रकाश डालिए। (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

**अथवा**

'समय' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

7. स्वपठित **नाटक** के 'तृतीय अंक' का सारांश लिखिए। (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

**अथवा**

स्वपठित **नाटक** के 'नायक' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

PDF Hindustanknowledge.com

## खण्ड-ख

8. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2 + 5 = 7

भारतदेशस्य सुविस्तृतायाम् उत्तरस्यां दिशि स्थितो गिरि: पर्वतराजो हिमालय इति नाम्नाभिधीयते जनै:। अस्य महोच्चानि शिखराणि जगत: सर्वानन्यापि पर्वतान् जयन्ति। अतएव लोका एनं पर्वतराज कथयन्ति। अस्योन्नतानि शिखराणि सदैव हिमै आच्छादितानि तिष्ठन्ति।

**अथवा**

तदत्र सरसि स्नात्वा सुवर्णकङ्कणं गृहाण। ततो यावदसौ तद्वच: प्रतीतो लोभात् सर: स्नातुं प्रविशति तावत् महापङ्के निमग्न: पलायितुमक्षम:। पङ्के पतितं दृष्ट्वा व्याघ्रोऽवदत् अहह! महापङ्के पतितोऽसि। अतस्त्वामहमुत्थापयामि इत्युक्त्वा शनै: शनैरुपगम्य तेन व्याघ्रेण भक्षित:।

(ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2 + 5 = 7

वृत्तं यत्नेन संरक्षेद् वित्तमायाति याति च।
अक्षीणो वित्तत: क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हत:॥

**अथवा**

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि॥

9. निम्नलिखित में से किसी **एक** लोकोक्ति अथवा मुहावरे का अर्थ लिखकर उसका वाक्य प्रयोग कीजिए— 1 + 1 = 2

(i) हाथ कंगन को आरसी क्या (ii) घाट-घाट का पानी पीना
(iii) पलक पाँवड़े बिछाना (iv) दान की बछिया के दाँत नहीं गिनते

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए—

(i) 'ग्रामोदय' का सन्धि-विच्छेद है— 1
(अ) ग्राम + ओदय: (ब) ग्रामो + दय:
(स) ग्राम + उदय (द) ग्रा + मोदय:

(ii) 'रामेश्वर' का सन्धि-विच्छेद है— 1
(अ) राम + ईश्वर: (ब) रम + ईश्वर:
(स) रमा + एश्वर: (द) रमा + ईश्वर:

(iii) 'देवर्षि' का सन्धि-विच्छेद है— 1
(अ) देव + र्षि (ब) दे + वर्षि
(स) देव + ऋषि (द) देवा + रिषि

(ख) निम्न शब्दों में विभक्ति व वचन स्पष्ट कीजिए—

(i) 'नामसु' में विभक्ति व वचन है— 1
(अ) सप्तमी बहुवचन (ब) द्वितीया एकवचन
(स) चतुर्थी बहुवचन (द) द्वितीया द्विवचन

(ii) 'आत्मनि' में विभक्ति व वचन है— 1
(अ) सप्तमी एकवचन (ब) षष्ठी बहुवचन
(स) पंचमी बहुवचन (द) प्रथमा द्विवचन

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए—

(i) जलज-जलद — 1
(अ) बादल और कमल (ब) कमल और बादल
(स) कमल और तालाब (द) तालाब और कमल

PDF Hindustanknowledge.com

(ii) पुरुष-परुष– 1

(अ) नर और नारी (ब) आदमी और फरसा

(स) पुरुष और पैसा (द) आदमी और कठोर

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए– 1 + 1 = 2

(i) चन्द्रमा (ii) कर (iii) कनक

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए–

(i) जिसने इन्द्रियों को जीत लिया हो– 1

(अ) इन्द्रियवान (ब) जितेन्द्रिय

(स) विजेता (द) सन्त

(ii) जिसकी उपमा न दी जा सके– 1

(अ) उपमेय (ब) अनुपम

(स) श्रेष्ठ (द) अभूतपूर्व

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए– 1 + 1 = 2

(i) महेश नित्य गीता को पढ़ता है।

(ii) परीक्षा पद्धति बदलना चाहिए।

(iii) दोनों सेनाओं में 'घोर घमासान युद्ध हुआ।

(iv) तीन आदमी के टिकट ले लो।

12. (क) 'हास्य' रस अथवा 'शान्त' रस के स्थायी भाव के साथ उनकी परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) 'रूपक' अलंकार अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ग) 'चौपाई' अथवा 'दोहा' छन्द का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 2

13. बढ़ते हुए संक्रामक रोग की रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 2 + 4 = 6

अथवा

अपने नगर की सार्वजनिक भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष को एक शिकायती-पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए– 2 + 7 = 9

(i) छात्र और अनुशासन

(ii) आतंकवाद: समस्या व समाधान

(iii) देशाटन के लाभ

(iv) साहित्य और समाज

PDF Hindustanknowledge.com